हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 8.1 डिग्री

11 फुले के जन्मोत्सव पर एमडीयू में प्रतिभाएं ...



12 मनुष्य अपने स्वभाव और प्रवृति से करता है अपना ...



## शहर में आज

- गोकर्ण डेरे पर भजन संध्या शाम 7 बजे
- मेयर मनमोहन गोयल के आवास पर प्रेसवार्ता 3 बजे
- नगर निगम में वार्ड 9, 11, 12, 13, 21 में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय और वार्ड 8 में होली हार्ट अस्पताल द्वारा सीएसआर स्कीम के तहत निर्मित सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन सुबह 10:30

## खबर संक्षेप



### स्नैचिंग की वारदात में शामिल रहा आरोपी धरा

**रोहतक।** जिला पुलिस ने गरिमा गार्डन में शादी के दौरान युवक के साथ हुई स्नैचिंग की वारदात मे शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। थाना पुरानी सब्जी मंडी निरीक्षक सत्यपाल ने बताया कि 26 दिसम्बर 2023 को गांव सांघी निवासी जसकरण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि जसकरण 23 दिसम्बर को अपने पोते की शादी में गरिमा गार्डन रोहतक गया हुआ था।



### 4 फरवरी की रैली को लेकर हुई मीटिंग

**रोहतक।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित यूनियनों, संगठनों की मीटिंग राज्य प्रधान धर्मबीर फोगाट की अध्यक्षता में कर्मचारी भवन में हुई। मीटिंग में 4 फरवरी को राज्य स्तरीय रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। सरकारी विभागों के माध्यम से ही जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, परिवहन, पशुपालन, साफ सफाई आदि जन सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इन विभागों में लगभग ढाई लाख पद खाली पड़े हैं।

### प्रॉपर्टी आईडी सर्वे का मामला, आधे से ज्यादा बिल किए गलत

# याशी कंपनी के गलत सर्वे का खामियाजा भुगत रहा रोहतक

- कंपनी ने किया था दो साल तक सर्वे, पार्षदों ने कंपनी पर कार्रवाई की मांग उठाई
- आज तक निगम में बिल ठीक करवाने आते हैं लोग
- सीएम को करना पड़ा था हस्तक्षेप, आदेश पर हर वार्ड में लगाए कैंप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम हाउस की बैठक में टेंडर का प्रस्ताव खारिज होने के बाद भी याशी कंपनी को प्रॉपर्टी आईडी सर्वे का काम मिल गया था। इसके बाद कंपनी ने दो साल तक शहर में सर्वे किया और नतीजतन आधे से ज्यादा आबादी की प्रॉपर्टी का गलत रिकार्ड तैयार कर दिया गया। जिसकी वजह से न केवल नगर निगम का पूरा सिस्टम प्रभावित हुआ बल्कि कई साल से लोग बिल ठीक करवाने के लिए लाइनों में लगने को मजबूर हैं। खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल को हस्तक्षेप करते हुए हर वार्ड में कैंप लगाकर बिल ठीक करने के आदेश जारी करने पड़े।

#### दो लाख 15 हजार प्रॉपर्टी आईडी

अब दोबारा कंपनी को जिम्मेदार बताते हुए पार्षदों ने कार्रवाई की मांग उठाई है। दरअसल, रोहतक में करीब दो लाख 15 हजार प्रॉपर्टी आईडी हैं। टैक्स सर्वे में हुई गड़बड़ी के चलते 50 प्रतिशत से ज्यादा आईडी का रिकॉर्ड गलत कर दिया गया था। भारी गड़बड़ी की वजह से गलत सर्वे करने का मामला नगर निगम में कई साल तक छाया रहा। चाहे मेयर मनमोहन गोयल के जनता दरबार हो या हाउस की मीटिंग हो, इस बात पर हंगामा होता रहा। इस वजह से पार्षद शुरू से ही कंपनी का ठेका खारिज करने और कार्रवाई की मांग करने की बात कहते रहे हैं।

#### दो बार रखा गया हाउस में प्रस्ताव

पार्षदों ने बताया कि 2019 से पहले इस कंपनी को सर्वे का काम देने का प्रस्ताव हाउस की बैठक में भी रखा गया था। उस समय दो बार सर्वसम्मति से प्रस्ताव खारिज किया गया था। इसके बावजूद कंपनी को सर्वे का काम मिल गया। कंपनी ने काम गलत किया तो तत्कालीन अधिकारी ने कंपनी की कार्यप्रणाली के लिए पार्षदों के समक्ष माफी तक मांगी थी। इसके अलावा पार्षदों ने लिखित में अधिकारियों और सरकार को भेजा था कि इस कंपनी का टेंडर खारिज किया जाए। आरोप है कि कंपनी को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त था। स्थानीय अधिकारियों ने भी कंपनी के कार्य का फिजिकल जांच सही तरीके से नहीं की। जिसकी वजह से काम जारी रहा।

#### यह है मामला

प्रदेश में प्रॉपर्टी आईडी सर्वे का काम याशी कंपनी को दिया गया था। जिस पर आरोप लगे कि सर्वे में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई हैं। अधिकारियों को दस प्रतिशत सर्वे की फिजिकल जांच करनी थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कंपनी काम करके चली गई और कंपनी को पैसे भी जारी कर दिए गए। आरटीआई एक्टिविस्ट की शिकायत पर लोकायुक्त ने एफआईआर और जांच के आदेश जारी किए थे। जिसके बाद एसीबी ने रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।

#### समस्या दूर करने का प्रयास किया गया



कंपनी को सर्वे का काम दिया गया था। इसके बाद लोगों की शिकायतें आनी शुरू हो गई कि उनकी प्रॉपर्टी आईडी के बिल गलत हो गए हैं। इसके बावजूद कंपनी काम करती रही। हर वार्ड में बिल ठीक करने के लिए कैंप लगवाए और लोगों की समस्या दूर करने का प्रयास किया गया।
**-मनमोहन गोयल**, मेयर

#### कंपनी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए



इस कंपनी ने प्रॉपर्टी आईडी रिकार्ड ठीक करने के लिए सर्वे किया था, लेकिन अधिकतर लोगों की प्रॉपर्टी का रिकार्ड ही गलत कर दिया। इसकी वजह से पूरे शहर समेत सेक्टर एरिया में कैंप लगाने पड़े। अभी भी लोग रिकार्ड ठीक करवाने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। इसकी वजह से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसलिए इस कंपनी पर सख्त कार्रवाई होनी ही चाहिए। **-कदम सिंह अहलावत**, पार्षद

#### राजस्व भी कम मिला



इस मामले को पूरे जोरशोर से उठाया गया था। कंपनी ने शहर में करीब 90 प्रतिशत लोगों की प्रॉपर्टी आईडी के बिल गलत कर दिए। इसकी वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। निगम को दोबारा कैंप लगाने पड़े। निगम का पूरा अमला कई साल तक इसी काम में लगा रहा। लोग आज भी बिल ठीक करवाने के लिए घूम रहे हैं। बिल सही नहीं होने के कारण निगम का राजस्व भी कम मिला। **-अशोक खुराना**, पार्षद प्रतिनिधि

## भराण के विनय ने तलवारबाजी में जीता सिल्वर

# महम में चौबीसी चबूतरे पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** तलवारबाजी में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी का चौबीसी चबूतरे पर स्वागत करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

भराण गांव के खिलाड़ी विनय कुमार पुत्र संदीप सिंह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित तलवारबाजी की जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतकर अपने प्रदेश, गांव व स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 31 दिसम्बर से 3 जनवरी तक रायपुर में आयोजित की गई थी।

रविवार को महम चबूतरे पर पंहुचा। रविवार को महम में चौबीसी चबूतरे पर विनय का ग्रामीणों ने फूलों व नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया। विजेता खिलाड़ी ने अपने परिजनों के साथ चबूतरे पर शहीदों की याद में दीप प्रज्वलित किया। चबूतरे से विनय को खुली कार में बैठाकर जुलुस के रूप में गाजे बाजे के साथ गांव तक ले जाया गया। जहां गांव में भी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विनय के पिता संदीप कुमार ने कहा की उनका सपना है की विनय ओलंपिक में मेडल हासिल कर देश का नाम रोशन करे। इस अवसर पर गांव के सरपंच मोनू दलाल, रमेश बामल, पूर्व बीजेपी मंडल अध्यक्ष सत्यवीर भराण, ठेकेदार सतीश फौजी, गुगन राठी व ज्ञानेंद्र शर्मा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) लांच किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा इसकी स्वीकृति मिलने के बाद नए वर्ष के प्रथम चरण में 19 प्रोग्राम को लांच किया गया है। इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है।



स्नातक के आट्र्स, साइंस व कॉमर्स संकायों समेत कुल 19 स्नातक कार्यक्रम में फिलहाल एफवाईयूपी फ्रेमवर्क को लागू करने की घोषणा की गई है। जनवरी 2024 सत्र में इसके तहत नामांकन किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 19 कार्यक्रमों में से 2 कार्यक्रम बैचलर ऑफ आर्ट और बैचलर ऑफ साइंस में मल्टीडिसीप्लिनरी प्रावधान दिया गया है। इनके अंतर्गत एक साथ कई विषयों का चयन किया जा सकता है। अन्य 17 प्रमुख कार्यक्रमों के अंतर्गत मूल विषयों की पढ़ाई होगी।

**3 वर्ष के बाद डिग्री लेकर कर सकते हैं एग्जिट**

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व मल्टीपल एग्जिट की सुविधा इन कार्यक्रमों में दी जा रही है। विद्यार्थी चाहें तो 3 वर्ष के बाद डिग्री लेकर एग्जिट कर सकते हैं, एक वर्ष के बाद सर्टिफिकेट लेकर एग्जिट कर सकते हैं या दो वर्ष बाद डिप्लोमा लेकर एग्जिट कर सकते हैं।



## सरस्वती मित्तल की स्मृति में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**महम।** महम के समाजसेवी विजय कुमार मित्तल की स्वर्गवासी पत्नी सरस्वती मित्तल की याद में रविवार को भराण गांव में कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह दहिया व पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमेन मनोहर लाल चांदीवाल ने शिरकत की और जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट किए। समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा. मनजीत सिंह दहिया ने बताया कि सरस्वती मित्तल एक गृहणी होते हुए सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेती थी और अपने पति विजय कुमार मित्तल के द्वारा किये गए सामाजिक, धार्मिक कार्यों में हिस्सेदार बनकर अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों को सफल बनाती थी। उन्होंने कहा कि आज हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर समिति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन मनोहर लाल चांदीवाल ने बताया कि स्व. सरस्वती मित्तल नारी जाति के लिए एक मिसाल थी। जिन्होंने अपने कम समय में इतनी पहचान कायम की थी।



## वैश्य तकनीकी संस्थान के ठेका कर्मियों के अनिश्चितकालिन धरने का छठा दिन

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान के ठेका कर्मियों का अनिश्चितकालिन धरना रविवार को छठें दिन भी जारी रहा। सभी 31 कर्मचारी अपने 5 माह के बकाया वेतन के लिए 2 जनवरी से अनिश्चितकालिन धरने पर बैठे हैं। कर्मियों ने वैश्य संस्था के कोषाध्यक्ष और महासचिव के सामने जाकर अपना रोष प्रकट किया, जिस पर उन्होने दो दिन में दिसंबर माह तक का बकाया वेतन जारी करने का आश्वासन दिया है लेकिन कर्मियों ने वेतन खाते में ना आने तक धरने पर बैठे रहने का फैसला लिया है।

# राम भक्त घर-घर पहुंचा रहे अक्षत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ग्रह संपर्क अभियान के तहत शहर की सभी कॉलोनियो में राम भक्त घर-घर में श्री अयोध्या धाम से आए पीले चावल पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। सौरव ने बताया कि नगर में लगभग 100 टोलिया इस पावन राम काज में लगी हुई हैं। रविवार को पीले चावल आमजन, सामाजिक, धार्मिक संस्थाएं, संत समाज ने पूरे उत्साह से पटेल नगर में वितरित किये गये। साथ ही कहा कि 22 जनवरी का समारोह सभी मंदिरों में भजन, कीर्तन, आरती, पूजा, 108 बार श्री राम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का सामूहिक पाठ करें और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सामूहिक मंदिरों में देखें। 22 जनवरी के दिन को दीपावली मनाई जाएगी।



### एकता कॉलोनी में बांटे अक्षत

**रोहतक।** कुमाऊ सभा रोहतक की कीर्तन मंडली के साथ साथ सभा के सदस्यों ने ढोल नगाड़े के साथ कुमाऊं सामुदायिक भवन के श्री राम मंदिर से एकता कॉलोनी में घर घर जाकर अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत (पीले चावल) बाटें। सभी लोगों को 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि में भगवान राम की मूर्ति स्थापना अवसर पर कुमाऊं सामुदायिक भवन के श्रीराम मंदिर एकता कॉलोनी में अक्षत को चढ़ाने के लिए आने का न्योता दिया। महासिचव त्रिलोक सिंह चौधरी ने कहा कि 22 जनवरी को सभा भवन में अयोध्या से सीधा प्रसारण होगा।

## नेकीराम कॉलेज ने वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज को 120 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मदवि के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रही इंटर कॉलेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को नेकी राम राजकीय महाविद्यालय रोहतक ने वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रोहतक को 120 रनों से हराया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ एमडीयू के पूर्व खिलाड़ी विनित ने किया। नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 194 रन बनाए। इसके जवाब में वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रोहतक ने 16.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 74 ही बना सके। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक की तरफ से अभिषेक ने 36 गेंदों में 79 रन बनाए और सुभम ने 23 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए और 4ओवर में 5 रन देकर 5 विकेट भी लिए और मैच को जीत लिया।

**रूबरू** | वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू की उपलब्धियां गिनाई

# एमडीयू प्रगति के पथ पर अग्रसर विद्यार्थियों को किया जा रहा प्रेरित





- 7 जनवरी 2019 को कार्यवाहक कुलपति का अतिरिक्त प्रभार संभाला था
- 21 फरवरी 2023 से 3 वर्ष की कार्य अवधि के लिए कार्यकाल में विस्तार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर है। पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय प्रगति की है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने 7 जनवरी 2019 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति का अतिरिक्त प्रभार संभाला था।

21 फरवरी 2020 को उन्होंने इस विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति पद का पदभार ग्रहण किया। राज्यपाल तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने वीसी प्रो. राजबीर सिंह को 21 फरवरी 2023 से 3 वर्ष की कार्य अवधि के लिए कार्यकाल में विस्तार दिया। इनके कार्यकाल में मदवि ने नैक से 2019 में ए प्लस ग्रेडिंग प्राप्त की। मदवि का उत्तरोतर विकास हो रहा है।

#### नवोन्मेषी स्टार्टअप के लिए किया जा रहा प्रेरित

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में वर्ष 2019 से लेकर 2023 तक निरंतर देश के श्रेष्ठ 100 विश्वविद्यालयों की सूची में स्थान प्राप्त किया। षध विज्ञान विभाग राष्ट्र के श्रेष्ठ 50 औषध विज्ञान संस्थानों की सूची में शामिल रहा। विद्यार्थियों को स्वरोजगार तथा नवाचार की ओर उन्मुख करने के लिए सेंटर फॉर इन्नोवेशन, इन्क्यूबेशन एण्ड एन्त्रोप्रोनियरशिप की स्थापना की गई है। इस केंद्र के तत्वावधान में विद्यार्थियों को नवोन्मेषी स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

#### ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रारंभ किए

विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस ऐंड ऑनलाइन एडुकेशन के तत्वावधान में महत्त्वपूर्ण पहल के तहत कई स्नातकीय तथा स्नातकोत्तर ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। तीन नए पाठ्यक्रम- एमए- इतिहास, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इंफोर्मेशन साइंस तथा एमए-जनर्लिज्म एण्ड मॉस कम्युनिकेशन भी सत्र 2021-2022 में प्रारंभ किए गए हैं। विश्वविद्यालय में शोध सहभागिता, कौशल प्रशिक्षण, उच्च अध्ययन संयुक्त कार्यक्रम के लिए भारतीय वायु सेना, एवेंथा सेंटर फॉर इंडस्ट्रीयल रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, फारेंसिक साइंस लैबोरेट्री, नई दिल्ली, एमएसएमई टैक्नोलाजी सेंटर एवरेस्ट ब्लोअर सिस्टम, ब्रिटिश काउंसिल , यूनेस्को , इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट पूसा आदि के साथ एमओयू किए गए।

## गाड़ी की टक्कर से एक की मौत

- शनिवार को उसका चाचा रामकुमार रोजाना की तरह शाम सैर करने के लिए गया था

**रोहतक।** थाना शिवाजी कॉलोनी एरिया में एक गाड़ी ने सैर करने आए व्यक्ति को टक्कर मार दी। घायल को उपचार के लिए पीजीआई भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना शिवाजी कालोनी को दी शिकायत में राहुल निवासी हरिसिंह कालोनी ने बताया कि 6 जनवरी को उसका चाचा रामकुमार रोजाना की तरह शाम सैर करने के लिए गया था। इसके बाद उन्हें पता चला कि उनके साथ हादसा हो गया है। वह मौके पर गए और अपने चाचा को उपचार के लिए पीजीआई लेकर पहुंचे, जहां उनकी मौत हो गई। मरने से पहले उनके चाचा ने बताया कि किसी गाड़ी ने उसे टक्कर मारी है।

# सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



- सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्टेट फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप संपन्न
- लड़का वर्ग में सोनीपत और लड़कियों में रोहतक विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की जा रही 2वीं सीनियर हरियाणा स्टेट फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप (लड़के एवं लड़कियां) रविवार को संपन्न हो गई। इसके लड़कों के वर्ग में सोनीपत ने गोल्ड मेडल जीता। सोनीपत ने रोहतक की टीम को 34-31 अंकों के अंतर से हराया। रोहतक ने दूसरे स्थान पर रहकर सिल्वर पदक जीता। भिवानी की टीम तीसरे स्थान पर रही व जींद की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। लड़कियों के वर्ग में रोहतक ने सोनीपत को 23-22 अंकों के अंतर से हराकर गोल्ड मेडल, सोनीपत की टीम दूसरे,सिरसा की टीम तीसरे व जींद की टीम चौथे स्थान पर रही। सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य राम कुमार सैनी व नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महा सचिव विजेंद्र सिंह दहिया व रोहतक नेटबॉल एसोसिएशन के प्रधान विष्णुदत्त शर्मा , भिवानी नेटबॉल एसोसिएशन के प्रधान पवन , मास्टर राजेश सैनी, ओम प्रकाश टिकोरिया उप प्रधान सैनी एजुकेशन सोसायटी मौजूद रहे।



छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।





मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।





# छात्र पढ़ाई के साथ-साथ बिना निवेश के कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

## यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।



### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार



## आरटीओ ऑफीसर के कार्य

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।



## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## आरटीओ बनने के लिए योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।


## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# नव वर्ष अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लें संकल्प



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नए वर्ष का आगमन हम सभी के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत का समय लाता है। यह एक समय है जब हम सामान्यतः अपने लक्ष्यों, सपनों, और उम्मीदों की ओर बढ़ने के संकल्प लेते हैं। नए साल का स्वागत सकारात्मक ऊर्जा, नए आरंभों, और आत्म-समर्पण की भावना के साथ होता है। छात्रों के लिए नए वर्ष में संकल्प लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक नए आरंभ की भावना पैदा करता है और उन्हें नए लक्ष्यों की दिशा में मुख्याधिकारी बनाता है। इस साल के लिए निर्धारित किए जाने वाले संकल्प से ही छात्र अपनी प्रगति को मापते हैं और सफलता की ओर बढ़ते हैं। छात्र नए वर्ष में अपने अध्ययन और व्यक्तिगत जीवन को संगठित और स्वच्छ रखने का आदान-प्रदान बनाए रखना उन्हें अच्छी तरह से समर्थन कर सकता है।

## अध्ययन में नई तकनीकें अपनाने का लें निर्णय

छात्र नए वर्ष में नई अध्ययन तकनीकें अपनाने का निर्णय कर सकते हैं। नए और प्रभावी तकनीकों का समय-समय पर अध्ययन करना उनके अध्ययन में नयापन लाने में मदद कर सकता है। एक स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में संकल्प लेना भी महत्वपूर्ण है। यहां तक कि योग, व्यायाम, और स्वस्थ आहार की दिशा में संकल्प बना सकता है, जो छात्र की ताकत बढ़ाने और तनाव को कम करने में सहारा प्रदान कर सकता है। छात्र नए साल में सामाजिक सेवा और सहयोग के प्रति अपना संकल्प बना सकते हैं। यह उन्हें समाज में योगदान करने और अन्यों की मदद करने का अवसर प्रदान कर सकता है।

**संकल्पों का पालन :**

1. नए लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होते हैं।
2. सामर्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।
3. स्थिरता और नियमितता को बनाए रखते हैं।
4. सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं।

नए वर्ष में संकल्प बनाना और उन्हें पालन करना छात्रों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने में मदद कर सकता है और उन्हें सफलता की राह में मार्गदर्शन कर सकता है। यह समय है नए शैक्षिक और व्यक्तिगत अनुभवों की ओर बढ़ने का, जिससे छात्र अपनी पूर्णता की दिशा में बढ़ सकता है।

**संकल्प और उद्दीपन:** नए वर्ष के आगमन के साथ, हम अपने जीवन में नए संकल्प बनाने का एक अद्वितीय अवसर प्राप्त करते हैं। ये संकल्प हमें नए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की राह में मार्गदर्शन करते हैं। संकल्प नहीं सिर्फ एक वचन होता है, बल्कि यह हमारे मन की गहराइयों से निकलकर हमें कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है।

**नए उद्दीपन की आवश्यकता:** संकल्पों के साथ, हमें नए उद्दीपन की भी आवश्यकता होती है। यह उद्दीपन हमें उन महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने में मदद करता है जो हमें अगले वर्ष में सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद कर सकते हैं। यही वह समय है जब हमें अपने उद्दीपन को साझा करना चाहिए ताकि हम एक दूसरे को प्रेरित कर सकें।

## आत्म-समर्पण का महत्व

नए वर्ष में आत्म-समर्पण की भावना बनाए रखना हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। यह एक सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहारा प्रदान करता है और हमें प्रतिस्पर्धा और चुनौती के मुकाबले के लिए तैयार बनाता है।

**आत्म-नियंत्रण और सकारात्मक सोच:** नए साल में अपने विचारों को पॉजिटिव और सकारात्मक बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें आत्म-नियंत्रण में रहने में मदद करता है और जीवन की हर स्थिति को एक अवसर में बदलने की क्षमता प्रदान करता है। सकारात्मक सोच हमें उत्साही और सहानुभूति बनाए रखने में सहारा करती है। "परीक्षाएं एक छात्र के शैक्षिक सफर का एक अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन जो दबाव उनके साथ आता है, वह अत्यधिक हो सकता है। जब हम नए वर्ष में कदम रखते हैं, यह छात्रों के लिए एक अवसर है अपने परीक्षा तनाव के सामने अपने दृष्टिकोण को पुनरीक्षित करने और एक स्वस्थ मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित करने का।"

**परीक्षा दबाव की समझ:** आशाएं, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की इच्छा का बोझ छात्रों के लिए तनाव का एक सही तूफान बना सकता है। असफलता का भय, सामाजिक अपेक्षाएं और शैक्षिक जिम्मेदारियों का भार मानसिक और शारीरिक अच्छा होने पर कुर्बानी दे सकता है।

**स्थिति का संबंध बनाए रखना:** निर्धारण करने से पहले, संकल्पों के यात्रा पर कुछ भी करने से पहले, छात्रों के लिए उनकी वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी ताकतें, कमजोरियाँ, और तनाव के मूल कारणों की पहचान करना मौलिक दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। यह स्व-जागरूकता परीक्षा दबाव के साथ निपुण रणनीतियों की नींव रखती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया संदेश

# सरकार के संसाधनों पर गरीब का पहला अधिकार : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि सरकार के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार गरीब व्यक्ति का है। मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज रोहतक नगर निगम के वार्ड 8 के अंतर्गत आने वाले आजादगढ़ सामुदायिक केंद्र में पहुंची। यहां पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश सुना।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में 28000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की गई है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तीन सी से निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसमें भ्रष्टाचार, अपराध व जाति आधारित राजनीति है। इन तीनों बीमारियों का जड़ मूल से सफाई करना होगा।

### वार्ड नम्बर 8 के तहत आजादगढ़ पहुंची विकसित संकल्प यात्रा

सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को उनके घर द्वार पर पहुंचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव-हर वार्ड में पहुंच रही है। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि सरकार हर व्यक्ति को रोटी, शिक्षा व सबके सिर पर छत की गारंटी को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीबी के दर्द को समझा है। इसलिए ही उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही आह्वान किया था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि लगभग 500 वर्षों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के द्वार खुलने वाले हैं, जिसके हम सब गवाह बनेंगे। हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा किसी राजनीतिक दल की विशेष का कार्यक्रम ना होकर यह एक सरकारी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मात्र पात्र लोगों व परिवारों को उनके घर द्वार पर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है।



रोहतक। शपथ लेते हुए सांसद डॉ. अरविंद शर्मा , मेयर मनमोहन गोयल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, तारावती चाहर, यात्रा के संयोजक सुरेश किराड़, सूरजमल किलोई, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, रमेश बोहर, पार्षद मनोज सैनी, ओमप्रकाश बागड़ी, राजीव भांकर, आशा शर्मा, उषा शर्मा, ज्योत्सना रोहिल्ला, राजरानी शर्मा, अशोक खुराना, पंकज छाबड़ा, एडवोकेट चेतना अरोड़ा, वजीर खोखर, मनोज मक्कड़, अमित बंसल, महाराज सिंह, राजकुमार सुनारिया, सतीश चौधरी, सतीश रोहिल्ला, कुलविंदर सिक्का, बॉबी गजराज, डॉ. प्रेम हुड्डा, शमशेर कलिंगा, , विपिन गोयल, दीपू नागपाल, पवन आहूजा, मनोज शर्मा, सुरेश सैनी, जोगिंद्र सैनी व अजय निझावन आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### आईएमटी से पांच लाख के तार चोरी, केस दर्ज

रोहतक। आईएमटी थाना क्षेत्र में बिजली निगम की पांच लाख की तार चोरी कर ली गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार, एएफएम राजकुमार ने अधिकारियों को बताया कि 33केवी आईएमटी से तार चोरी कर ली गई है। मौके पर जाकर जांच करने पर 15 खम्बों की तार चोरी पाई गई जिसकी लम्बाई 45 सौ मीटर है। पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### दुकान से कैश और सामान चोरी

रोहतक। पन्ना कॉम्प्लेक्स में दुकान का शटर तोड़कर चोर कैश और सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में आर्यन चावला निवासी चिन्योट कालोनी ने बताया कि चोर दुकान के शटर को तोड़कर मोबाइल फोन और 15 हजार कैश समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। आरोपी सीसीटीवी में कैद हुआ है। इसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिख श्रद्धालुओं ने उत्साह से मनाया प्रकाश पर्व



महम। कस्बा महम की सिख साध संगत ने गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर महम के भाई आया सिंह गुरुद्वारा की साध संगत ने एक सप्ताह तक सुबह के समय शहर की गलियों में प्रभात फेरी निकाली। उसके बाद शहर में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें सिख गुरुओं की झांकिया निकाली गई। नगर कीर्तन यात्रा का शुभारंभ पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने किया। भाई आया सिंह गुरुद्वारा को सजाया गया। गुरुद्वारे में कवि दरबार सजाया गया। जिसमें दूर दूर से कवि एवं कथा वाचक पहुंचे। जिन्होंने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और साध संगत को उनके जीवन से प्रेरणा लेने व उनके दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। नगर कीर्तन के दौरान गत्का पार्टी ने तलवारबाजी व अन्य बहादुरी दिखाने वाले करतब दिखाए।

## संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी नागपुर में ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप का आयोजन

# एमडीयू दूसरी बार ऑल इंडिया क्रिकेट विजेता

## एमडीयू टीम के कप्तान राज ऑलराउंडर प्रदर्शन, 'मैन ऑफ द मैच' बने, जामिया की टीम को हराया

- मदवि एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने अपने दमखम का लोहा मनवाया

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने एक बार देश में फिर से अपने दमखम का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों ने संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी नागपुर द्वारा आयोजित 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप के फाइनल मैच में रविवार को जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली की टीम को 5 विकेट से हराते हुए ट्रॉफी दूसरी बार जीती। बता दें कि इससे पूर्व, एमडीयू ने 2019 में कोल्हापुर में आयोजित 17वें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर टी -20 क्रिकेट कप का खिताब भी अपने नाम किया था।

### ऐसे किया पराजित

एमडीयू टीम के कप्तान राज ऑलराउंडर प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच बने। फाइनल मैच में जामिया मिलिया इस्लामिया ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एमडीयू के गेंदबाजों पंकज नैन व राज ने पॉवर प्ले के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की। पंकज नैन ने एक विकेट लिया। पावर प्ले के बाद स्पीनर्स दीपक कुमार ने एक तथा नरेन्द्र शीलक ने दो विकेट झटकते हुए मैच पर शिंकजा कसा। तदुपरांत गेंदबाज रामबीर राणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए और एमडीयू की सटीक गेंदबाजी के आगे जामिया की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन का स्कोर ही बना सकी। 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे एमडीयू के बल्लेबाजों ने सूझबूझ से बल्लेबाजी की और खेल मैदान के चारों तरफ रन बनाए। कप्तान राज ने 55 गेंदों में 10 चौकों व 2 छक्कों की मदद से 74 रनों की विजयी पारी खेलते हुए मैच एमडीयू के नाम किया। गौरव दूरेजा ने 37, डॉ. विपिन सैनी ने 18 तथा दीपक कुमार ने 14 रन बनाए। दूसरी बार ऑल इंडिया वीसी क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के जज्बे का सौ-सौ बार सलाम। एमडीयू को भारत विजेता अपने खिलाड़ियों से कितना अगाध स्नेह है,इसकी बानगी आप भी जान लें। जब वर्ष 2019 में प्लेयर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गए थे तो इन्हें यूनिवर्सिटी की गाड़ी स्टेशन तक छोड़ने नहीं गई थी। जबकि विश्वविद्यालय के दर्जनों वाहन दिनभर इधर-उधर पेट्रोल और डीजल जलाते रहते हैं। प्लेयर आटो में सवार होकर अस्थल बोहर स्टेशन पहुंचे और कोल्हापुर की ट्रेन पकड़ी और फिर ट्राफी जीतकर ही वापस आए। अब फिर दूसरी बार खिलाड़ियों ने ट्राफी जीतकर साबित कर दिया कि हमारी बाजुओं में दमखम है।


रोहतक। विजेता टीम अपनी ट्राफी के साथ।

### पांच विकेट से जीते

ऋषि सैनी ने विजयी चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। एमडीयू ने 18.4 ओवर में 155 रन बनाते हुए यह मैच अपने नाम किया और पांच विकेट से जीत प्राप्त की। एमडीयू की जीत में राज, डॉ. विपिन सैनी, पंकज नैन, नरेंद्र शीलक, दीपक कुमार, प्रवीन कुमार, योगेंद्र सिवाच, ऋषि सैनी, आनंद प्रजापति, रामबीर राणा, गौरव दूरेजा, महिपाल, सुनील कुमार, राजेश रोहिल्ला तथा डा. सुखबीर हुड्डा, राजेश शर्मा, का अहम योगदान रहा।

### विश्वविद्यालय ने दी बधाई

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. बी. नरसिम्हन, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट, निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी, सहायक युवा कल्याण निदेशक डॉ. प्रताप राठी, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, मडूटा प्रधान डॉ. विकास सिवाच, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ प्रधान राजकुमार शर्मा, सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी समेत समस्त एमडीयू समुदाय ने एमडीयू एम्प्लाइज क्रिकेट टीम को इस शानदार जीत की बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि की सराहना की।

### घोषणा के बाद भी खिलाड़ियों को नहीं दिया स्पेशल इंक्रीमेंट

टीम तो विजेता बन गई, लेकिन विडंबना देखें कि एमडीयू ने विजेता कर्मचारी खिलाड़ियों को चार साल बाद भी एक स्पेशल वेतनवृद्धि का लाभ अभी तक नहीं दिया। जब खिलाड़ी ट्राफी लेकर कैंपस पहुंचे थे तो घोषणा की थी कि विजेताओं को एक इंक्रीमेंट दिया जाएगा। अब आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि एमडीयू प्रशासन अपने विजेता खिलाड़ियों को कितनी तवोज्जो देता है। ऐसे में प्लेयर के मनोबल पर असर भी पड़ना स्वभाविक है। सूत्रों के मुताबिक कुछ समय पहले ही एमडीयू ने कोल्हापुर यूनिवर्सिटी को पत्र भेजकर प्रतियोगिता के संबंध में तमाम प्रकार की जानकारी मांगी हैं। प्रतियोगिता हुए चार साल हो चुके हैं और एमडीयू अब कोल्हापुर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता की जानकारी मांग रही है। ऐसे में विश्वविद्यालय की प्रशासनिक प्रणाली तो सवाल खड़े होंगे ही। ध्यान ये भी रहे कि वर्तमान दौर डिजिटल का है। और चंद मिनट-सेकेंड में जवाब लिए और दिए जा रहे हैं। मालूम हो कि वर्ष 2019 में वीसी टी-20 प्रतियोगिता का आयोजन कोल्हापुर यूनिवर्सिटी ने करवाया था। विजेता खिलाड़ी नाम न छापने की शर्त पर कहते हैं कि विश्वविद्यालय इंक्रीमेंट की फाइल को जान-बूझकर इधर-उधर घूमा रहा है।

## श्रद्धा से निकाली श्याम निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एलपीएस बोसार्ड व बाबरा श्री श्याम दीवाना परिवार द्वारा 3100 भव्य श्याम निशान यात्रा के अवसर पर हवन, यज्ञ व भंडारे का आयोजन बालाजी मंदिर गोकर्ण धाम में किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, मेयर मनमोहन गोयल व महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी के सानिध्य में हवन, यज्ञ में आहुति दी गई। इसके बाद सभी ने भव्य श्याम निशान यात्रा को धर्म की झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। श्याम निशान यात्रा कूडामल मंदिर माता दरवार से शुरू होकर गोकर्ण धाम में समाप्त हुई।

इस दौरान भक्त नाचते गाते हुए श्याम बाबा का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। राजेश जैन ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में जो भव्य मंदिर के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, उसके लिए देश भर के राम भक्त उत्साहित हैं। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से घर में दीप जलाने की अपील की और कहा कि रोहतक में भी हम इस त्यौहार को बड़ी धूमधाम से मनायें। मनमोहन गोयल ने कहा कि श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को प्रस्तावित है, समारोह के लिए अयोध्या के साथ साथ देशभर में तमाम तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से घरों में दीप जलाले की अपील भी की।

इस अवसर पर यात्रा संयोजक राहुल जैन गांधरवाल, विशाल गोयल, दीपक जिंदल, सुमित, विपिन जैन गांधरवाल, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, आशा, मंजू गर्ग, सुनीता, किरण आदि मौजूद रहे।



## बेरोजगारी धारण कर चुकी विकराल रूप : प्रो. अरुण



- डेमोक्रेटिक फोरम के तत्वावधान में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आज युवा वर्ग के समक्ष सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। इसके समाज-राष्ट्र पर सामाजिक - आर्थिक - राजनीतिक प्रभाव भी हैं। वैश्विक स्तर पर राजनीतिक - आर्थिक - भू सामरिक अनिश्चितता भी इस समस्या को बढ़ा रही है। ऐसे में जरूरत है कि आर्थिक पुनर्जागरण के लिए समग्र कल्याणकारी नीतियां तथा कार्यक्रम सृजित किए जाएं। ये विचार प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) के अर्थशास्त्र के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार ने डेमोक्रेटिक फोरम (रोहतक) के तत्वावधान में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम एवं जन संवाद में व्यक्त किए। प्रो. अरुण कुमार ने व्याख्यान में डिकोडिंग फाइव ट्रिलियन इकोनामी विषय पर प्रकाश डाला।

प्रो. कुमार ने कहा कि 1991 में हुए आर्थिक प्रतिमान बदलाव के चलते आर्थिक नीतियां बाजार-उन्मुख हो गई हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्तावाद समाज पर हावी है। समाज का बड़ा तबका, जो कि असंगठित क्षेत्र है, आर्थिक विकास के केंद्र में नहीं है। दक्षिण कोरिया में बड़े कारपोरेट घराने चाइबोल सरीखा मॉडल भारत में भी बनता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों समेत अन्य आर्थिक संभावनाओं पर कब्जा जमाने का रुझान बड़े कॉर्पोरेट घरानों का है।

## न्यूज डायरी

### गायत्री परिवार के सदस्यों ने किया हवन



रोहतक। सफला एकादशी के अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों ने हवन यज्ञ का आयोजन किया। शांतिकुंज गायत्री पीठ के संस्थापक गुरुदेव को याद करते हुए नए साल की शुभकामनाएं दी गई। सतीश पांचाल, जलजीत बुधवार, विक्रम, दीपशिखा, अनिल, भगवान दास शर्मा, भव्या, रविंद्र, राधा कृष्ण आदि ने गायत्री निमित्त एकादशी के अवसर पर तिलयुक्त सामग्री से हवन किया। जय मां गायत्री रुपया चौक झज्जर बाईपास में हर रविवार को हवन का आयोजन किया जाता है। हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध तो होता ही है साथ ही आपस में भाईचारा व प्रेम भी बढ़ता है। हवन के माध्यम से अग्नि में औषधि युक्त एवं देसी घी से आहुति दी जाती है। जिससे वायुमंडल में ऑक्सीजन का शुद्धिकरण होता है

### जरूरतमंद खिलाड़ियों को बांटे ट्रैकसूट



रोहतक।सामाजिक क्षेत्र में तत्पर रहने वाली उत्कृष्ट वेलफेयर सोसायटी द्वारा अखाड़े में प्रैक्टिस करने वाले 27 छोटे-बड़े खिलाड़ियों को ट्रैकसूट वितरित किए गए। संस्था की अध्यक्षा सुमिता भाटिया जांगड़ा ने बताया कि जींद बाईपास के नजदीक बड़सी नगर में स्थित विकास पहलवान के अखाड़े में कुश्ती खेलने वाले जरूरतमंद छोटे-बड़े पहलवानों को ट्रैकसूट वितरित किए गए हैं। जिसे कृपाल नगर निवासी समाजसेवी रमेश गुलिया के सहयोग से पूरा किया गया। अखाड़ा संचालक विकास व नन्हे पहलवानों ने संस्था की अध्यक्ष सुमिता भाटिया एवं समाजसेवी रमेश गुलिया का आभार व्यक्त किया। सुमिता भाटिया जांगड़ा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन समय समय पर किया जा रहा है ।

### ओशो धारा केंद्र में हुआ संजीवनी ध्यान

रोहतक। ओशो धारा मैत्री संघ रोहतक के पहरावर रोड स्थित मेडिटेशन सेंटर में साप्ताहिक मेडिटेशन सत्र आयोजित हुआ। ओशोधारा के वरिष्ठ आचार्य दलशेर मलिक द्वारा संजीवनी ध्यान के माध्यम से साधकों को शांत,आनंदित और तनावरहित जीवन जीने का सूत्र दिया गया। इस बार पांच नए साधक ओशोधारा मैत्री संघ रोहतक के सदस्य बने। देवेंद्र एडवोकेट, वत्सल, देवराज गोयल, महावीर सिंह, अमरजीत मगन और संजय गुप्ता ने ध्यान सत्र के बाद प्रोग्राम की सराहना की और ओशोधारा नानक धाम मुरथल आश्रम में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा वैज्ञानिक ढंग से निर्मित पहले तल के प्रोग्राम ध्यान योग करने की इच्छा व्यक्त की।

### बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन

रोहतक। माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेश तायल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। ट्रस्ट के मेधावी छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए ट्रस्ट द्वारा छात्रों को समय-समय पर बाल संस्कार के माध्यम से संस्कारों को उत्पन्न कर, छात्रों के अध्यात्मिक एवं शैक्षणिक ज्ञान में वृद्धि के लिए ये कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन हरिप्रकाश गुप्ता, गोविंद राम सिंघल, सुरेश तायल, कृष्ण मित्तल, दिनेश गर्ग, संजय चावला, आदि उपस्थित रहे।

## सावित्रीबाई फुले के जीवन से प्रेरणा लें युवा : पूर्व मंत्री ग्रोवर

# फुले के जन्मोत्सव पर एमडीयू में प्रतिभाएं सम्मानित

- मदवि के डॉ. अम्बेडकर हॉल में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डॉ. बीआर. अम्बेडकर स्टूडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के डॉ. अम्बेडकर हॉल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने शिरकत की। इस अवसर पर मनीष ग्रोवर ने कहा कि हमें माता सावित्रीबाई फुले के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में समाज की महिलाओं को शिक्षित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में होनहार छात्रों को प्रोत्साहित करना का काम एक सार्थक पहल है, जिससे विद्यार्थी में उत्साह का संचार होता है और वे ज्यादा से ज्यादा मेहनत करके अपने राज्य व देश का नाम रोशन करने के लिए उत्साहित होते है।


रोहतक। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर

इस अवसर पर मंगल सिंह, अमित कुमार,अशोक बरोदा द्वारा लिखित लॉ ऑफ लिमिटेशन बुक का विमाचन किया गया।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने सावित्रीबाई फुले को नमन किया। मुख्य वक्ता के रूप में हजरस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश निम्बडिया उपस्थित रहे। मंच का संचालन करते हुए संगठन के संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष छात्र नेता मंगल सिंह ने कहा कि आज देश की युवा पीढ़ी व होनहार छात्रों का सम्मान ही सही अर्थो में माता सावित्रीबाई फुले को उनकी जयन्ती पर श्रद्धांजलि है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE
Bollywood Actors
DR. KAWATRA
M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

# मनुष्य अपने स्वभाव और प्रवृत्ति से करता है अपना निर्माण : शांतानंद

## हरयाणा दयानन्द मठ में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन, किया गया हवन

■ मंच संचालन सुभाष सांगवान प्रधान वेदप्रचार मण्डल ने किया




रोहतक। दयानंद मठ में आयोजित सत्संग में प्रवचन देते मुख्यवक्ता स्वामी शांतानंद और प्रवचन सुनते आर्य समाजी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्द मठ में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सुबह 9 बजे यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सन्तराम रहे। इसके बाद सत्यावती आर्या, सुदेश आर्या, बहन दया आर्या एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के भजनोपदेशक रामनिवास आर्य आदि ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु-भक्ति, भारत देश की वर्तमान दुर्दशा तथा ऋषिवर देवदयानन्द द्वारा समाज के लिए किए गए उपकार आदि के बारे में सुंदर संदेश दिया।

मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान स्वामी शांतानंद (दर्शन योग महाविद्यालय सुन्दरपुर कुटिया, रोहतक) का मासिक वैदिक सत्संग में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्वामी शांतानंद ने कहा कि मनुष्य अपने स्वभाव व प्रवृत्ति से अपना निर्माण करता है। उसकी जैसी प्रवृत्ति होगी उसका परिणाम उसी प्रकार से होगा। हमें अच्छी आदतें डालनी चाहिए जिससे हमारा विचार अच्छा हो। अच्छा देखना, अच्छा सोचना, अच्छा करना, अच्छा बोलना आदि अच्छी चीजें सीखनी होंगी तभी हमारी आदतें अच्छी होंगी। उन्होंने आत्मा और परमात्मा से संबंधित अनेक जानकारियां दीं। स्वामी शांतानंद ने सभी आर्यजनों को स्वाध्याय एवं सत्संग से जोड़ने का भी प्रयास किया और कहा कि हम आर्यों को पुरुषार्थ एवं शुभकर्म करते हुए तथा अच्छे लोगों के संसर्ग में आकर अपने जीवन को बदलना चाहिए। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए, जिससे हमारा उत्तरोत्तर उन्नति हो।

### प्रभु को कभी नहीं भूलें

स्वामी शांतानंद ने बहुत ही सुंदर एवं सरल शब्दों में प्रवचन के माध्यम से मनुष्य के उत्तम जीवन के प्रमुख उद्देश्य पर विचार रखे। उन्होंने सर्वप्रथम मानव जीवन से संबंधित अनेक महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी तथा साथ ही आत्मा से परमात्मा का संबंध क्या है, इस विषय पर भी चर्चा की। इसके बाद उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद महाराज के जीवन से संबंधित अनेक संस्मरण सुनाए तथा उनके जैसा बनने को कहा।

स्वामी शांतानंद ने ऋषिवर देवदयानंद के अनन्य शिष्य स्वामी श्रद्धानंद पर विस्तार से चर्चा की। परमपिता परमात्मा के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की और कहा कि मनुष्य को अपने आपको देखना चाहिए। जिस प्रभु ने हमें मनुष्य बनाया उसे कभी भी भुलाना नहीं चाहिए, क्योंकि वह हमारे बीच हर समय रहता है। उसकी आज्ञा का पालन करना ही हमारा परम कर्तव्य बन जाता है। मंच संचालन सुभाष सांगवान प्रधान वेदप्रचार मण्डल ने किया। शांतिपाठ के बाद ऋषिलंगर का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर आचार्य संतराम, हवासिंह राठी, बहन दया आर्या, रामकिशन बाल्याण रिटायर्ड तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।



रोहतक। मीटिंग करते हुए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के पदाधिकारी।

# ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन घर-घर बांटेगा पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जनवरी में सभी फसलों की खरीद के लिए सी 2+50% की दर से एमएसपी की कानूनी गारंटी देने, ऋण माफी के जरिए किसानों को कर्ज मुक्त करने, बिजली के निजीकरण को रोकने, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, जोकि किसानों के लखीमपुर खीरी नरसंहार के मुख्य आरोपी हैं, को बर्खास्त करने की मांग को लेकर जनवरी में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन विशेष अभियान चलाएगा। ये निर्णय रविवार को संगठन की बैठक में लिया गया। मीटिंग के बाद संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अनूप मातनहेल ने बताया कि 20 जनवरी तक तक घर-घर जाकर और पर्चे वितरित करके बड़े पैमाने पर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस जन अभियान का उद्देश्य भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की कॉर्पोरेट समर्थक आर्थिक नीतियों को उजागर करना है। प्रदेशाध्यक्ष मातनहेल ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों के खिलाफ हैं। सरकार बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी और भारी कर्जा जैसी समस्याएं पैदा कर रही है। समस्याएं इसलिए पैदा की जा रही हैं। ताकि जनता के आर्थिक हालात डांवाडोल होते रहें।

### दो वक्त की रोटी की चिंता

लोगों को सिर्फ दो वक्त की रोटी की चिंता लगी रहे और सरकार की नीतियों का विरोध ही न कर पाए। मातनहेल ने बताया कि देश के आर्थिक हालात साल दर साल काफी खराब हो रहे हैं। जबकि सरकार की तरफ से बताया कुछ और जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का दिवाली पीट चुका है। सरकार आर्थिक आंकड़ों पर कुंडली मारे बैठी है। सरकार की गलत नीतियों से लोगों को अवगत करवाने के लिए उनका संगठन जनजागरण अभियान चलाकर घर-घर पहुंचेगा। ये दावा अनूप मातनहेल का है।

# दूल्हा बने हैं श्याम सुंदर, दुल्हन राधा रानी हमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ भजनों के साथ श्री राधा कृष्ण सरकार का विवाह महोत्सव संपन्न हुआ।

दोउ लालन ब्याह लड़ावो री, आज बन्नी श्री राधा प्यारी, बन्ना मेरा राधिका वल्लभ, दूल्हा बने हैं श्याम सुंदर, दुल्हन राधा रानी हमारी, इन्हीं भजनों के साथ श्री राधा कृष्ण सरकार का विवाह महोत्सव संपन्न हुआ। मौक़ा रहा श्री राधा कृष्ण ब्याहुला महोत्सव का।

गोकर्ण तीर्थ पर ब्याहुला महोत्सव महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी व बाबा कमल पुरी के सानिध्य में मनाया गया। श्री राधा कृष्ण के विवाह संबंधित भजनों का भक्तों ने खूब आनंद उठाया। श्री राधा नाम संग कीर्तन मंडल के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में झूमने पर विवश कर दिया। बता दें कि संकीर्तन शाम पांच बजे से दस बजे तक संपन्न हुआ। सभी ने सखी भाव के साथ श्री जी की निकुंज लीला के इस ब्याह महोत्सव का आनंद लिया।



# टेंट डीलर्स एसो. ने मनाया सम्मान समारोह

रोहतक। टेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा पंछी रॉयल पैलेस में सम्मान समारोह व नव वर्ष उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता सोमनाथ हड़िया ने की। मुख्य अतिथि अनिल राव, वरिष्ठ अतिथि नरेश भारद्वाज, सचिन दिलबाग सैनी, जितेंद्र मलिक, शिवचरण स्वामी, रमेश कालड़ा आदि मौजूद रहे। मंच का संरक्षण जितेंद्र सैनी ने किया। प्रधान अनिल ने सभी टेंट वालों को एकजुट रहने की सलाह दी। इस अवसर पर योगेश उड़िया, पंकज उड़िया, दिनेश कश्यप, रमेश सपड़ा, राजेंद्र सैनी, सुरेंद्र कपूर, विशाल, संजय चुगू, अशोक मलिक आदि सभी उपस्थित रहे।

# नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति में मीटिंग में शामिल कार्यकारिणी सदस्य।

भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति द्वारा समिति कार्यालय में एक मीटिंग का आयोजन कियागया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आगामी रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान सदस्यों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। कार्यकारिणी सदस्यों ने कहा कि नेत्रदान नेत्रहीन व्यक्ति के लिए आशा की एक किरण होती है। उन्होंने नेत्रदान के महत्व एवं जरूरत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेत्रदान से बढ़कर कोई बड़ा दान नहीं है। इसके प्रति लोगों को जागरूक होने के साथ-साथ अन्य को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने आमजन से मृत्यु पश्चात नेत्रदान करने की अपील की। इस मौके पर समिति प्रधान एडवोकेट ललित कौशिक, वरिष्ठ उपप्रधान हरिकिशन भारद्वाज, उपप्रधान ओमकार पाराशर, महासचिव डॉ. कपिल कौशिक, सचिव रामकुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष डॉ. हरिओम वशिष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य प्रो रामेश्वर शर्मा, एडवोकेट श्रीभगवान वशिष्ठ, डॉ. आरपी शर्मा, श्रीभगवान कौशिक, रणधीर भारद्वाज आदि ने अपने विचार रखे।

